
नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



2 युद्ध खत्म करने के करीब अमेरिका-ईरान



4 गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा ने खिलाया कमल



9 भारत-अमेरिका व्यापार समझौता करीब



11 जोकोविच की रोम में धमाकेदार वापसी

# बंगाल में 9 को बीजेपी सरकार

- मुख्यमंत्री के रेस में चार उम्मीदवार
- 2021 में और 2026 में ममता को सुवेंदु ने हराया


**नई दिल्ली 06 मई. गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती नौ मई को पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार का शपथग्रहण समारोह होगा. बीजेपी को मिली 207 सीटों पर प्रचंड जीत के बाद लोग जानना चाहते हैं कि आखिर राज्य का मुख्यमंत्री कौन होगा?**

सूत्रों का कहना है कि चार नाम मुख्यमंत्री के रेस में सबसे आगे हैं. पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पहला नाम सुवेंदु अधिकारी के नाम पर सहमत है. क्योंकि उन्होंने 2021 में भी और 2026 में ममता बनर्जी को हराया है. वहीं सीएम के रेस में दूसरा नाम दिलीप घोष का है उन्हीं के नेतृत्व में 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा गया था. वहीं, तीसरा नाम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य का है. इन्होनें ने ही बंगाल चुनाव में चुनावी प्रक्रिया का बागडौर संभाला था. चौथा नाम सीएम के रेस में अग्नी मित्रा पॉल का है.

भाजपा ने राज्य में विधायक दल की बैठक के लिए गृहमंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. इसके लिए भाजपा कोलकाता में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी कर रही है.



सुवेंदु अधिकारी



दिलीप घोष



समिक भट्टाचार्य



अग्नी मित्रा पॉल

### असम में 12 को शपथ ग्रहण

असम में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद 12 मई को शपथग्रहण समारोह होने जा रहा है. जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी समारोह में शामिल होंगे. इसके अलावा देश के कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी समारोह में उपस्थित रहेंगे.

### विजय का शपथ ग्रहण समारोह अधर में लटका

**चेन्नई, 06 मई.** तमिलनाडु के राज्यपाल वी.आर. अर्लेकर ने स्पष्ट किया है कि वह राज्य में तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) को सरकार बनाने का न्योता तभी देंगे, जब उन्हें जरूरी संख्या में विधायकों का समर्थन पत्र मिल जाएगा. राज्यपाल की इस मांग के चलते टीवीके प्रमुख जोसेफ सी. विजय का तमिलनाडु के अगले मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण समारोह अब अधर में लटक गया है. श्री विजय को बतौर मुख्यमंत्री सात मई को शपथ दिलायी जाएगी पर अब राजभवन के स्पष्टीकरण के बाद, श्री विजय का कल शपथ ले पाना कठिन प्रतीत होता है।

## एक नजर में



### यूपी में आतंकी साजिश नाकाम, 2 गिरफ्तार

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश में एटीएस ने एक बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए बाराबंकी निवासी दानियान अशरफ और कुशीनगर के कृष्णा मिश्रा को गिरफ्तार किया है. जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर और आतंकियों के संपर्क में थे, जो उन्हें भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उकसा रहे थे. एटीएस के अनुसार, आरोपियों को देश के संवेदनशील संस्थानों, पुलिस थानों और सुरक्षा बलों पर हमले के निर्देश दिए गए थे. दानियान अशरफ ने एक पुलिस स्टेशन की रेकी कर उसका वीडियो अपने हैंडलर्स को भेजा था और हमले के लिए हथियार तथा पैसे की मांग भी की थी.

### होम लोन के नाम पर खेला गया बड़ा खेल

**नई दिल्ली.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को बिल्डरों और बैंकों के अधिकारियों के साथ फर्जी घर खरीदारों के खिलाफ एक आपराधिक साजिश में शामिल होने के आरोप में आरोपपत्र दाखिल किया। इस साजिश से बैंकों और घर खरीदारों को आर्थिक नुकसान हुआ है. आरोप पत्र में एवीजे डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, एवीजे डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, केसर बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, उनके निदेशकों बैंक ऑफ़ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक और यूको बैंक के अधिकारियों के साथ-साथ फर्जी घर खरीददारों के नाम है.



## बुरहानपुर के सुखपुरी को बनाएंगे इंडस्ट्रियल बेल्ट : डॉ. मोहन यादव

नवभारत न्यूज

**बुरहानपुर, 06 मई. प्रदेश में उद्योगों के लिए नई भूमि और उसका केनवास तैयार हो चुका है. अब हम उद्योगपतियों के साथ मिलकर योजनाओं के सहारे रंग भरने का काम कर रहे हैं। कम समय और संसाधन में जो बेहतर परिणाम दे वही सफल उद्यमी होता है.**

बुरहानपुर के सुखपुरी को इंडस्ट्रियल बेल्ट के रूप में विकसित किया जाएगा.बुरहानपुर के विकास को नई दिशा देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है. ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुरहानपुर के परमानंद गोविंदजी वाला ऑडिटोरियम में उद्यमी संवाद कार्यक्रम में कहीं.सीएम डॉ. मोहन यादव ने आगे कहा कि बुरहानपुर में कृषि से लेकर उद्योगों तक सभी क्षेत्रों में गतिशीलता है.युवाओं के लिए भी पर्याप्त अवसर पैदा किए जा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण से देश की अर्थव्यवस्था सक्षमता के साथ बढ़ रही है। एमएसएमई उद्यमिता के क्षेत्र में बुरहानपुर की उपलब्धि 2022-23 में 436.11 करोड़ की रही, जो लगभग दो वर्ष बाद ही वर्तमान में 802 करोड़ रुपए है. यह गति बुरहानपुर के उद्यमियों की क्षमता की परिचायक है. उद्यमिता गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार पूर्ण स्पष्ट और पारदर्शिता के साथ गतिविधियां संचालित कर रही है.

### मध्य प्रदेश में कृषिगत कार्यों का दौर : सिलावट

जल संसाधन व जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि बुरहानपुर जिला पर्यटन, उद्योग और संस्कृति का अद्भुत समावेश रखने वाला जिला है. प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विभिन्न कॉन्क्लेव में प्राप्त प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का कार्य किया गया है. अब प्रदेश में कृषि वर्ष के तहत कृषिगत कार्यों के विकास का भी दौर प्रारम्भ हो गया है. कार्यक्रम के दौरान बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस, नेपानगर विधायक मंजू दादू ने भी संबोधित किया.

## प्रस्ताव मंजूर नहीं किया तो होगी पहले से भी तेज बमबारी : ट्रंप

**वॉशिंगटन, 06 मई. अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप का ताजा बयान हालात को और गंभीर बना सकता है. ट्रंप ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अगर ईरान अमेरिकी प्रस्ताव को नहीं मानता, तो उस पर पहले से कहीं ज्यादा तीव्र सैन्य कार्रवाई की जाएगी.**



ट्रंप ने अपने पोस्ट में कहा कि यदि ईरान पहले से तय शर्तों को स्वीकार कर लेता है, तो एपिक फ्यूरी अभियान समाप्त हो सकता है और क्षेत्र में शांति स्थापित की जा सकती है. इसके साथ ही उन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में लागू नौसैनिक नाकेबंदी हटाने का भी संकेत दिया, जिससे वैश्विक व्यापार और तेल आपूर्ति को राहत मिल सकती है. हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान इस प्रस्ताव को ठुकराता है, तो बमबारी पहले से कहीं अधिक तेज और व्यापक हो सकती है।

## भारत-वियतनाम के रिश्ते होंगे मजबूत

- पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति तो लम की बैठक
- द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने पर बनी सहमति

**नई दिल्ली 06 मई. भारत और वियतनाम ने संबंधों को प्रगाढ बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए द्विपक्षीय संबंधों को एन्हांस्ड कॉम्प्रिहेन्सिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप तक उन्नत करने पर सहमति जताई है।**



भारत यात्रा पर आये वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। इससे पहले उनका राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया. वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में दोनों पक्षों ने आपसी विश्वास और साझा दृष्टिकोण को आधार मानते हुए संबंधों को एन्हांस्ड कॉम्प्रिहेन्सिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप तक उन्नत करने पर सहमति जताई.

## खालिस्तान लिबरेशन आर्मी ने विस्फोटों की ली जिम्मेदारी

**जालंधर,अमृतसर में मंगलवार को हुए थे विस्फोट**

**चंडीगढ़, 06 मई.पंजाब के जालंधर और अमृतसर में मंगलवार रात सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय के आसपास के इलाकों में संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से जुड़े उच्च तीव्रता वाले विस्फोटों के बार पूरे पंजाब में व्यापक सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया. हालांकि दोहरे विस्फोटों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।**

प्रतिबंधित आतंकी संगठन खालिस्तान लिबरेशन आर्मी (केएलए) ने जालंधर हमले की जिम्मेदारी ली है और विशेष रूप से एक वरिष्ठ बीएसएफ अधिकारी और उनके परिवार के खिलाफ धमकी दी है. उल्लेखनीय है कि जालंधर के पीएपी चौक के पास कल शाम 7-57 बजे पहला विस्फोट हुआ जिसमें फुटपाथ पर खड़ी एक एक्टिवा स्कूटर को निशाना बनाया गया. कुछ घंटों बाद, रात करीब 11-00 बजे, अमृतसर में बीएसएफ खासा शिविर के गेट नंबर 5 और 6 के बाहर दूसरा विस्फोट हुआ.

**पंजाब के सीएम और डीजीपी का अलग -अलग बयान**

### विस्फोट भाजपा की चुनाव से पहले तैयारी है : मान



अमृतसर में आर्मी कैंप के पास हुए आईईडी और ग्रेनेड धमाकों पर बयान देते हुए सीएम मान ने आनंदपुर साहिब में एक रैली में कहा कि इन छोटे धमाकों की जांच चल रही है. यह पंजाब चुनावों के लिए भाजपा की तैयारी है।

### आईएसआई की साजिश का एक हिस्सा है : गौरव यादव



वहीं, पंजाब के महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि आज मैंने अमृतसर का दौरा किया. कल, सेना के इलाके में कम तीव्रता का एक धमाका हुआ था. वैज्ञानिक जांच के लिए घटनास्थल से नमूने एकत्र किए गए और एफआईआर दर्ज हुई है।

## कानून व्यवस्था हाथ में न लें : बंगाल डीजीपी

**24 घंटे में 4 कार्यकर्ताओं की हत्या से हड़कंप**

**05 जवान घायल संदेश खाली में सुरक्षाबलों पर हमला**

**कोलकाता, 06 मई.पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणामों के बाद हालात कई जिलों में हिंसा, आगजनी और राजनीतिक टकराव की घटनाएं सामने आ रही हैं. राज्य के डीजीपी सिद्धनाथ गुप्ता ने स्पष्ट रूप से कहा है कि किसी भी परिस्थिति में नागरिकों को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए और सभी को शांति बनाए रखनी होगी.**



पिछले 24 घंटों में राज्य में चार राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्या हुई है दो भाजपा और दो टीएमसी से जुड़े हैं. उत्तर 24 परगना, हावड़ा, कोलकाता और बीरभूम में हत्या की घटनाओं को लेकर दोनों दल एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं. हिंसा का दायरा केवल राजधानी तक सीमित नहीं रहा। संदेशखाली में सुरक्षाबलों पर फायरिंग की गई, जिसमें पांच जवान घायल हो गए. वहीं, बम से भरा बैग मिलने की घटना ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है. आसनसोल में टीएमसी कार्यालय में आग लगने की घटना भी सामने आई है.

## गुस्ताखी माफ




## गांधी मैदान में नई टीम के साथ कैबिनेट का विस्तार



**जेडीयू की लिस्ट में बड़े चेहरे निशांत कुमार बनेंगे मंत्री**

**जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को साधने की कोशिश**

**पटना, 06 मई. बिहार में होने वाला कैबिनेट विस्तार राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है, जिसमें सत्ता संतुलन और आगामी चुनावों की रणनीति दोनों झलकेंगी. गुरुवार को गांधी मैदान में आयोजित होने वाले भव्य समारोह में राज्यपाल नए मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे.**

इस विस्तार को लेकर जनता दल (यूनाइटेड) की ओर से जिन नामों की सबसे ज्यादा चर्चा है, उनमें निशांत कुमार, श्रवण कुमार, अशोक चौधरी, लेसी सिंह, मदन सहनी और जमा खां जैसे नेता शामिल हैं. पार्टी के भीतर इन नामों पर मंथन लगभग पूरा हो चुका है और अंतिम सूची पर मुहर लगना बाकी है। निशांत कुमार का नाम सामने आने से राजनीतिक हलकों में खासा उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिल रही है, क्योंकि इसे भविष्य की राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।वहीं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से संजय सिंह और संजय पासवान के नाम लगभग तय माने जा रहे हैं. दोनों पहले भी मंत्री रह चुके हैं, ऐसे में अनुभव के आधार पर उन्हें दोबारा मौका मिल सकता है।इसके अलावा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कोटे से भी नाम लगभग तय बताए जा रहे हैं, हालांकि एक सीट को लेकर अभी बातचीत जारी है.भाजपा के कोटे से मंत्रियों के नामों पर अंतिम फैसला अभी होना बाकी है. बताया जा रहा है कि अमित शाह के पटना पहुंचने के बाद इन नामों पर अंतिम मुहर लगेगी। यह कैबिनेट विस्तार न सिर्फ सरकार की नई टीम तय करेगा, बल्कि जातीय और क्षेत्रीय संतुलन के जरिए राजनीतिक समीकरणों को साधने की भी कोशिश करेगा. ऐसे में गांधी मैदान का यह समारोह बिहार की राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है.

